मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8

# MTT–054

## अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पी. जी. डी. टी.)

## (संशोधित)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2025

## एम.टी.टी.–054 : प्रशासनिक एवं वाणिज्यिक अनुवाद

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** *(i) भाग–I में से कुल* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। इनमें से प्रश्न संख्या* ***5*** *अनिवार्य है।*

*(ii) भाग–II में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

### भाग—I

**नोट :** *प्रश्न संख्या 1–4 तक से किन्हीं* ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग* ***700*** *शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रश्न संख्या* ***5*** *अनिवार्य है।*



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

1. प्रशासनिक अनुवाद संबंधी कौन-सी सामान्य त्रुटियाँ होती हैं और उनका समाधान किस प्रकार संभव है ? उपयुक्त उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए। 20

2. 'राजनयिक पत्रों एवं प्रलेखों का अनुवाद' विषय पर निबंध लिखिए। 20

3. विधि अनुवाद की चुनौतियों की सोदाहरण चर्चा कीजिए। 20

4. बैंकिंग साहित्य के अनुवाद की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए इसके अनुवाद के लिए पूर्वापेक्षाओं का सोदाहरण वर्णन कीजिए। 20

5. निम्नलिखित में से किसी **एक** पर लगभग **350** शब्दों (प्रत्येक) में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 10

(क) प्रशासनिक हिंदी की साहित्यिक हिंदी से भिन्नता

(ख) संसदीय प्रश्नों का अनुवाद



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

## भाग—II

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** शब्दों के हिंदी पर्याय लिखिए : 5

(a) Corporation tax

(b) General rule

(c) Health services

(d) Index number

(e) Mercy petition

(f) Political responsibility

(g) Public safety

(h) Short-term contract

(i) Welfare Agency

(j) Valuation Officer

(k) Production Manager

(l) Document Examiner



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** अभिव्यक्तियों के हिंदी पर्याय लिखिए : 5

(a) Funds not available

(b) Expedite submission of report

(c) I authorize you

(d) For ready reference

(e) Reminder may be sent

(f) Your request is granted

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5×2=10

(a) The requisite information is given in the statement enclosed in triplicate.

(b) The pilot asked the crew-members to be ready for departure of the plane.

(c) The RBI (Reserve Bank of India) capped the maximum term for bank Chief Executive Officers (CEOs) at 15 years and whole-time directors at 10 years.



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

(d) A special court remanded Jet Airways (India) Ltd. Founder Naresh Goyal in ED (Enforcement Directorate) custody till September 11, in a ₹ 539 crore money laundering case.

(e) I shall inform about this issue to Mr. Jonathan, Vice-President of our Association.

(f) US-based Walmart acquired a 77% controlling stake in Flipkart, co-founded by IIT graduates Sachin and Binny Bansal in a 16 billion dollars deal in 2018.

9. निम्नलिखित अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 15

Measures for land reform will not create the necessary impact unless implementation is sincerely and speedily undertaken, and the inputs necessary for increasing production



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

are supplied on time, at reasonable rates and in adequate measure, particularly to the small and marginal farmers. This will ensure increased production and better distributive justice. There is, however, little justification for confining such reforms to the rural sector only. The Act appears to be a step in the right direction but is not adequate. In a developing economy like India, the oligarchy (कुलीनतंत्र) of a few families controlling big industrial empires and wielding enormous money power poses a big threat to the country's political system, besides distorting its socio-economic base. The war against poverty cannot be fought and won through a mere redistribution of the existing resources that are inadequate for feeding and providing jobs for the great



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

mass of our people. We must create more national wealth through a balanced development of agricultural and industrial sectors.

10. निम्नलिखित अनुच्छेद का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 15

अमेरिका, यूरोप, चीन, जापान आदि देशों की सरकारों ने कामकाज और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धि (Artificial Intelligence-AI) का प्रयोग शुरू कर दिया है। भारत भी पीछे नहीं है, व्यापक सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुए इसके उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। कामकाज में चुस्ती लाने, सरकारी प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने तथा जटिलताएँ दूर करने में ए. आई. की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। ए.आई. सरकारी सेवाओं तक आम नागरिकों की पहुँच बढ़ा रही है। फाइलों का निपटारा करने में यह सहयोगी



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

सिद्ध हो रही है। इसके अलावा, मशीन अनुवाद का क्षेत्र भी प्रमुख है।

संसद की कार्यवाही से जुड़ी सेवाएँ देने वाले 'डिजिटल संसद एप' में ए. आई. तकनीक का इस्तेमाल हुआ है। भारत के मुख्य न्यायाधीश की पहल पर उच्चतम न्यायालय की कार्यवाही का 'सीधे लेखन' (Live Transcription) शुरू हुआ है जिसमें ए.आई. का उपयोग किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय 'शिकायत निवारण प्रबंधन एप' का इस्तेमाल कर रहा है, जिसे आई.आई.टी., कानपुर के सहयोग से विकसित किया गया है।

× × × × ×



Downloaded from www.IGNOUBABA.com